आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 26.07.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. प्रल्हाद जोशी ने संभाला शिक्षा मंत्रालय का अतिरिक्त कार्यभार, राष्ट्रपति ने तत्काल प्रभाव से स्वीकार किया धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मन की बात कार्यक्रम के 136वें एपिसोड में देश और विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।
3. कारगिल विजय दिवस पर उपराज्यपाल ने वीर जवानों के साहस बलिदान और राष्ट्र सेवाको किया नमन– राष्ट्र आज अपने वीर बलिदानियों को श्रद्धांजलि दे रहा है।
4. कार्बाइंस कोव बीच पर म्यूजिकल हार्मनी बाय नाइट सांस्कृतिक संध्या का हुआ शुभारंभ।

<><><><><><>

केंद्रीय मंत्री प्रल्हाद जोशी को नया शिक्षा मंत्री नियुक्त किया गया है। यह जिम्मेदारी उन्हें धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद सौंपी गई है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने श्री धर्मेंद्र प्रधान का केंद्रीय मंत्रिपरिषद से इस्तीफा तत्काल प्रभाव से स्वीकार कर लिया है। श्री प्रल्हाद जोशी शिक्षा मंत्रालय का कार्यभार संभालने के साथ–साथ अपने मौजूदा मंत्रालयों की जिम्मेदारी भी निभाते रहेंगे। प्रल्हाद जोशी वर्तमान में उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय का कार्यभार संभाल रहे हैं।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सवेरे ग्यारह बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ छत्तीसवां एपिसोड होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी, दूरदर्शन, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनल पर भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

<><><><><><>

अंडमान एवं निकोबार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने कल राजकीय बालिका वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, श्री विजयपुरम में विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को बाल अधिकार, बाल संरक्षण कानून और निःशुल्क कानूनी सहायता की जानकारी देना था। कार्यक्रम में परिवार न्यायालय, पोर्ट ब्लेयर के न्यायाधीश लीलामय मंडल तथा न्यायिक मजिस्ट्रेट संजय दत्ता और जयंत मुखर्जी ने पॉक्सो अधिनियम, बाल सुरक्षा और बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम पर जानकारी दी। वक्ताओं ने बच्चों के अधिकार, साइबर सुरक्षा, बाल विवाह के दुष्परिणाम, अपराध की सूचना देने के महत्व तथा कानूनी संरक्षण के बारे में विद्यार्थियों को जागरूक किया। इसके साथ ही नालसा की योजनाओं, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सेवाओं, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और नालसा राष्ट्रीय विधिक सहायता हेल्पलाइन 15100 की भी जानकारी दी गई।

<><><><><><>

आज राष्ट्र सत्ताइसवाँ कारगिल विजय दिवस मना रहा है। इस अवसर पर उपराज्यपाल सेवानिवृत्त एडमिरल डी. के. जोशी ने द्वीपवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि कारगिल विजय दिवस भारतीय सशस्त्र बलों के वीर जवानों के अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और सर्वोच्च बलिदान को याद करने का दिन है। उन्होंने कहा कि देश की रक्षा में जवानों की निस्वार्थ सेवा और समर्पण हर भारतीय को प्रेरणा देता है तथा राष्ट्र की एकता, अखंडता और देशभक्ति की भावना को मजबूत करता है। उपराज्यपाल ने लोगों से कारगिल युद्ध के वीर नायकों को श्रद्धांजलि अर्पित करने और उनके बलिदान को नमन करने की अपील की।

<><><><><><>

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत केंद्रशासित प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण की दिशा में एक और कदम उठाया गया है। डॉ. आर. पी. अस्पताल, मायाबंदर और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, तुगापुर में अस्पताल प्रबंधन सूचना प्रणाली यानी एचएमआईएस शुरू कर दी गई है। इससे दोनों स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों को अधिक सुगम और प्रभावी सेवाएं मिल सकेंगी। डॉ. आर. पी. अस्पताल,

मायाबंदर को पिछले वर्ष नेक्स्टजेन ई–हॉस्पिटल प्लेटफॉर्म से जोड़ा गया था, जबकि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र टुगापुर को 24 जुलाई को ई–सुश्रुत लाइट एचएमआईएस से जोड़ा गया। तुगापुर में इस प्रणाली का औपचारिक शुभारंभ डॉ. आर.पी. अस्पताल की प्रभारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलजा पी. तथा दोनों स्वास्थ्य संस्थानों के चिकित्सकों की मौजूदगी में हुआ। ई–सुश्रुत लाइट एचएमआईएस के माध्यम से डिजिटल ओपीडी पंजीकरण और ई–प्रिस्क्रिप्शन की सुविधा मिलेगी। इससे मरीजों का पंजीकरण आसान होगा, इलेक्ट्रॉनिक मेडिकल रिकॉर्ड सुरक्षित रखे जा सकेंगे, कागजी कार्यवाही कम होगी, पारदर्शिता बढ़ेगी और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता तथा दक्षता में सुधार होगा। डॉ. आर. पी. अस्पताल, मायाबंदर और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, टुगापुर आनेवाले लोगों से अपना आभा कार्ड या आधार से जुड़े मोबाइल नंबर साथ लाने की सलाह दी गई है, ताकि ओपीडी पंजीकरण जल्दी हो सके और आभा ऐप के माध्यम से डिजिटल स्वास्थ्य रिकॉर्ड आसानी से प्राप्त किए जा सकें। यह ऐप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है।

<><><><><><><>

लिटिल अंडमान के पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, रामकृष्णापुरम में कल विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए पहचान एवं चिकित्सा मूल्यांकन शिविर आयोजित किया गया। शिविर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रामकृष्णापुरम की डॉ. फरहीन और उनकी टीम ने बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर का उद्देश्य विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की पहचान, उनकी शैक्षिक एवं पुनर्वास संबंधी आवश्यकताओं का आकलन, पहले से चिन्हित बच्चों की प्रगति की समीक्षा तथा बच्चों और उनके अभिभावकों को आवश्यक परामर्श प्रदान करना था। शिविर में 16 विद्यार्थियों ने अपने अभिभावकों के साथ भाग लिया।

<><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद की ओर से पर्यटन विभाग तथा कला एवं संस्कृति विभाग के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय सांस्कृतिक संध्या म्यूजिकल हार्मनी बाय नाइट का शुभारंभ कल कार्बाइंस कोव बीच पर हुआ। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस

आयोजन का उद्देश्य स्थानीय कलाकारों को मंच प्रदान करना, पर्यटकों के सांस्कृतिक अनुभव को समृद्ध बनाना और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से पर्यटन को बढ़ावा देना था। यह सांस्कृतिक कार्यक्रम आज भी शाम पांच बजे से सात बजे तक कार्बाइंस कोव बीच पर जारी रहेगा। आम जनता और पर्यटकों से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की गई है।

<><><><><><>

खेल एवं युवा मामले निदेशालय, शिक्षा निदेशालय और पर्यटन निदेशालय के सहयोग से कार्बाइंस कोव समुद्र तट पर मानसून बीच वॉलीबॉल टूर्नामेंट के दूसरे संस्करण का आयोजन कर रहा है। 'ओपन पुरुष' और 'ओपन महिला' श्रेणियों में आयोजित होने वाले इस टूर्नामेंट का उद्देश्य बीच वॉलीबॉल को बढ़ावा देना, खेल भावना को प्रोत्साहित करना और द्वीपसमूह के वॉलीबॉल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। टूर्नामेंट के पहले दिन पुरुष और महिला श्रेणियों को मिलाकर कुल 26 मैच खेले गए। इस टूर्नामेंट में कुल 39 टीमें भाग ले रही हैं। सेमीफाइनल मैच आज दोपहर 2 बजे से शुरू होंगे, जिसके बाद फाइनल मैच खेले जाएंगे।

<><><><><><>

लिटिल अंडमान में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम–2026 को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। सामुदायिक विकास खंड, लिटिल अंडमान की ओर से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत यह कार्यक्रम पंचायती समिति सभागार में आयोजित हुआ। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्य, पंचायत समिति सदस्य, प्रधान, उप–प्रधान, वार्ड सदस्य, पंचायत सचिव और ब्लॉक प्रशासन के अधिकारियों ने भाग लिया। इस दौरान ग्राम पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन, चुनौतियों और बेहतर उपायों पर चर्चा की गई।

<><><><><><>